# धर्मनिरपेक्षता Important Questions Class 11 Political Science Chapter 8 in Hindi

## 1 अंकीय प्रश्न:

**प्रश्न 1 धर्म निरपेक्षता का क्या अर्थ है।**

**उत्तर :** विभिन्न धर्मों के बीच बिना भेदभाव के समान अवसर प्रदान करना।

**प्रश्न 2 कश्मीरी पण्डितों को कौन-से राज्य से निकाला गया?**

**उत्तर :** जम्मू कश्मीर

**प्रश्न 3 सिख धर्म के दंगे कब हुए?**

**उत्तर :** 1984

**प्रश्न 4 धर्म के दो मुख्य दोष कौन से है?**

**उत्तर :** धर्म के अन्दर वर्चस्ववाद धर्म के बीच वर्चस्ववाद

**प्रश्न 5 कुछ लोग मानते हैं धर्म महज जन समुदाय के लिए ......... है।**

**उत्तर :** अफीम

**प्रश्न 6 कमाल अता तुर्क का पुराना नाम क्या था?**

**उत्तर :** कमाल पाशा

**प्रश्न 7 अतातुर्क का क्या अर्थ है?**

**उत्तर :** तुर्कों का पिता

**प्रश्न 8 भारतीय संविधान में पंथ निरपेक्ष शब्द कब जोड़ा गया?**

**उत्तर :** 42वें संशोधन 1976 में

**प्रश्न 9 अनुच्छेद 25 से 28 किस के लिए बनाया गया है।**

**उत्तर :** धार्मिक अधिकार

**प्रश्न 10 पंथ निरपेक्ष शब्द को वोट की राजनीति क्यों कहते है?**

**उत्तर :** उम्मीदवार धर्म के नाम चुने जाते है।

## 2 अंकीय प्रश्न:

**प्रश्न 1 धर्म शब्द का क्या अर्थ है?**

**उत्तर :** कर्त्तव्य का पालन करना धर्म के अनेक पंथ सम्महित होते है।

**प्रश्न 2 धर्म निरपेक्षता बनाए रखने के दो उपाय बताओ?**

**उत्तर :** i) राज्यसत्ता चलाने वाला किसी धर्म से सम्बन्धित न हो।

ii) किसी धर्म की तरफदारी न करना।

**प्रश्न 3 भारतीय धर्म निरपेक्षता की क्या विशेषता है?**

**उत्तर :** बिना किसी धार्मिक भेदभाव के संविधान में समानता का अधिकार, सभी को अपना धर्म मानने की छूट, कानून के समक्ष समानता बगैर धर्म की परवाह के।

**प्रश्न 4 धर्म में राज्य की सैद्धान्तिक दूरी से आप क्या समझते है?**

**उत्तर :** राज्य का अपना कोई धर्म नहीं ।

**प्रश्न 5 धर्म निरपेक्षता की दो कमियां लिखो?**

**उत्तर :** i) वोट बैंक की राजनीति।

ii) एक असंभव परियोजना।

**प्रश्न 6 20वीं शताब्दी में तुर्की में किस तरह धर्म निरपेक्षता को अपनाया गया?**

**उत्तर :** i) मुस्लमान की एक विशेष टोपी पहनने पर रोक ।

ii) पश्चिमी पोशाक पहनने पर बल ।

**प्रश्न 7 अंतधार्मिक वर्चस्व का अर्थ स्पष्ट करे?**

**उत्तर :** i) विशेष धर्म के अन्दर किसी विशेष समुदाय का बोल बाला या मनमानी करवाना।

ii) महिलाओं तथा दलितों का शोषण व भेदभाव

**प्रश्न 8 पश्चिमी धर्म निरपेक्षता का मूल मंत्र क्या है? ये वर्चस्ववाद का उदाहरण कैसे है।**

**उत्तर :** i) धर्म तथा राजसत्ता का सम्बन्ध अलग-अलग।

ii) दोनों एक दूसरे में हस्ताक्षेप नहीं करते।

https://www.evidyarthi.in/

iii) इंटरनेट का प्रयोग, पश्चिमी पोशाक का पहनना मैकडोन्लड का खाना पीना जैसी लाखों चीजों का प्रचलन वर्चस्ववाद कहलाता है।

**प्रश्न 9 किसी अल्पसंख्यक समुदाय को अपने पृथक शैक्षिक संस्था बनाने की अनुमति होना क्या धर्म निरपेक्षता है? कारण बताइए?**

**उत्तर :** हाँ, धर्म निरपेक्षता है क्योंकि अनुच्छेद 29 के अनुसार, अल्पसंख्यकों को अपनी विशेष भाषा, लिपि या संस्कृति बनाए रखने का अधिकार है। अनुच्छेद 31 अल्पसंख्यक तथा अन्य सभी अपनी रूचि की शिक्षा प्राप्त कर सकते है।